Bharat Temples

राम नाम है पारस जग में

राम नाम है पारस जग में मिलता है बिन दाम
कंचन करले काया अपनी बोल सुबह और शाम
जय जय राम जय जय राम
जय जय राम जय जय राम

राम भजन कर राम मनन कर
मन को मंदिर करले तू
राम कृपा से पायेगा तू जनम जनम आराम
जय जय राम जय जय राम
जय जय राम जय जय राम

रग रग कण कण रोम रोम में
राम रमले रे बन्दे
उस ही राम को पाया जिसने
भक्ति की निष्काम
जय जय राम जय जय राम
जय जय राम जय जय राम

गाये जा निर्बाध तू काफिर
राम नाम की ये गाथा
दुनिया के लाखों धंधो से
बढ़ कर है ये काम
जय जय राम जय जय राम

जय जय राम जय जय राम

Source: https://www.bharattemples.com/ram-naam-hai-paras-jag-me/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw